


नवभारत

भोपाल, बुधवार , 14 जनवरी 2026


### एक नजर में

## रिक्त औद्योगिक भूखंड की प्रक्रिया पोर्टल पर संपादित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 जनवरी 2026 को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी प्रीमियम की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु 15 जनवरी तक होगी।

# गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर सड़क पर प्रदर्शन

**बजरंग दल की शिकायत पर हटाया जाना था अतिक्रमण**

**भीम आर्मी एवं ओबीसी महासभा ने जताया विरोध**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ पलेरा।**

**नगर के गोचर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही को लेकर मंगलवार को भारी गहमागहमी रही। एक ओर जहाँ बजरंग दल ने गोचर भूमि को मुक्त कराने के लिए मोर्चा खोला, वहीं दूसरी ओर भीम आर्मी, ओबीसी महासभा और समाजवादी पार्टी ने गरीबों के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।**

इसके अलावा एक ज्ञापन पलेरा तहसीलदार को राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम दिया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि किसी भी गरीब पर अत्याचार नहीं किया जाए और प्रशासन लोगों के साथ दोहरा रवैया न अपनाएं और अतिक्रमण के नाम पर सिर्फ गरीबों को परेशान नहीं किया जाए जो ग्रामीण क्षेत्र में 100-100 बीघा जमीन पर कब्जा किए हैं उनके भी अवैध कब्जे हटाए जाएं गरीबों को परेशान नहीं किया जाए साथ ही कहा है कि पलेरा में जो भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित है वह भूमि संरक्षित की जाए सर्व संगठनो की चेतावनी गरीबों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीम आर्मी, ओबीसी महासभा और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संगठनों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी गरीब परिवार का आशियाना उजड़ने नहीं दिया जाएगा। यदि प्रशासन ने एकतरफा कार्यवाही की, तो सड़क से लेकर संसद तक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रशासन को पहले विस्थापन और पुनर्वास की नीति स्पष्ट करनी चाहिए। तनाव के बीच प्रशासन को बुलडोजर कार्यवाही रोकनी पड़ी। प्रशासनिक अमला आज अतिक्रमण हटाने की तैयारी में था, लेकिन दोनों पक्षों के आमने-सामने आने और भारी विरोध प्रदर्शन के चलते स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बीच संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखीं।

### बजरंग दल ने सुंदरकांड के साथ किया प्रदर्शन

मंगलवार को पलेरा नगर में गोचर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सुंदरकांड का पाठ कर प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सोलंकी, प्रांत धर्माचार्य राघवेंद्र महाराज, कुटी सरकार धाम पीठाधीश्वर मोनू महाराज, विभाग संयोजक बृजेंद्र सिंह सेंगर, जिला मंत्री राजेंद्र राजा परमार, पवन महाराज, जिला संयोजक निलेश तमालिया, सहसंयोजक रमेश रैकवार, जिला मिलन प्रमुख करण ओटमलिया, गौ सेवक स्काई राजा यादव सहित पलेरा प्रखंड एवं आसपास के सभी ग्रामों के कार्यकर्ता व नगर के व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण को लेकर सौंपा ज्ञापन

हम विकास या कानून के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन न्याय सबके लिए समान होना चाहिए। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के पेट पर लात मारना हम बर्दाश्त नहीं करेंगे यह बात आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिलाध्यक्ष संजू चौधरी ने कही। इसके बाद एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य हिदेश कुशवाहा, ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष उत्तम नापित, चतुर्भुज कुशवाहा, शान सिंह यादव, राहुल अहिरवार, सौरभ प्रभाकर, रूपेंद्र कुशवाहा साहित्य सैकड़ो की संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

## तम्बाकू मांगने के विवाद पर किसान की हत्या



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**किसान की हत्या के मामले का दिगौड़ा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। आरोपी ने मृतक की हत्या तम्बाकू मांगने के विवाद को लेकर की थी। थाना दिगौड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम मझगुवा स्थित टेड़ा हार खेत में फसल की रखवाली कर रहे भगवानदास साहू की धारदार हथियार से हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी।**

घटनास्थल पर थाना दिगौड़ा पुलिस टीम, वरिष्ठ अधिकारीगण, एफएसएल अधिकारी, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्क्वाड उपस्थित हुए। मृतक के पुत्र मुकेश साहू की रिपोर्ट पर घटनास्थल पर ही देहाती नालिशी लेखब की गई। तत्पश्चात थाना दिगौड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा घटना के शीघ्र खुलासे एवं आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी हेतु एएसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में 04 विशेष पुलिस टीमों का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मुखविर तंत्र के आधार पर साहिब सिंह परमार पर संदेह स्थापित हुआ। जांच में यह तथ्य सामने आया कि तम्बाकू मांगने को लेकर आरोपी एवं मृतक के मध्य विवाद हुआ था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है।

## लायंस क्लब ने क्षय रोग मरीजों से मुलाकात कर वितरित की आहार किट



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**अस्पताल में मंगलवार को लायंस क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में, क्लब के सदस्यों ने टीबी क्षय रोग के मरीजों से मुलाकात की और उन्हें पोषण आहार किट वितरित की।**

यह कार्यक्रम लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के संस्थापक मेलविन जोन्स की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था।

पूनम जायसवाल, जो लायंस क्लब की सदस्य हैं, ने बताया कि मेलविन जोन्स का जन्म 13 जनवरी 1879 को फोर्ट थॉमस, एरिज़ोना में हुआ था। उन्होंने 1917 में इस वैश्विक सेवा संगठन की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य सफल व्यवसायी और पेशेवरों को अपने समुदायों को बेहतर बनाने के लिए एकजुट करना था। इस अवसर पर, टीबी के कुल 25 मरीजों को पोषण आहार बास्केट भेंट की गईं। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार, इन पोषण किटों में तुवर दाल, भुना चना, मूंगफली और तिल के लड्डू जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल थे। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, डॉ. राहुल गुप्ता, लायंस क्लब अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, सचिव पुनीत पोद्दार, पूनम जायसवाल, शरद विश्वकर्मा, कपिल जैन, नितिन सकेरा, असीम सतभैया और नितिन अरिहंत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 8 फरवरी को होगी प्रवेश परीक्षा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी।**

परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने लिए सैंपल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन मे आज ग्राम मामौन मे ग्राम की 5 महिलाओ को एफ्टीके का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल सप्लाई के सेंपल लिये गये। इन सैंपलों का पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, क्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये, जिनके परिणाम स्वीकार मानक अंतर्गत प्राप्त हुये।**

इस अवसर पर दौरान लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से राकेश मिश्रा एवं आगँनवाडी कार्यकर्ता इंद्रा पटेरया सहायक पूना रैकवार एवं भावना पाठक, गणेशी लोधी,मीना रैकवार, रामकुवर रैकवार, रामकुमारी लोधी उपस्थित रहीं। पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, क्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये।

## जेल में निरुद्ध बंदियों ने किया योगाभ्यास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर जिला जेल टीकमगढ़ में निरूद्ध बंदियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास किया। कार्यक्रम प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होकर प्रातः 9:30 बजे समाप्त हुआ।**

योगाचार्य हरिशरण समारी ने सूर्य नमस्कार से योग की शुरुआत कर बंदियों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भुजंगासन, ताड़ासन आदि योग क्रियाएं कराईं। सभी को हर योगासन का लाभ भी बताया गया। योग अभ्यास के बाद जेल अधीक्षक श्री यजुवेन्द्र वाघमारे ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी देता है। हर व्यक्ति को दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिये।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में आज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन के सभाकक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सरोज कान्वेंट विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का उददेश्य आज के युवाओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना, अपने देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनाना तथा स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित करना है ताकि स्वर्णिम भारत का निर्माण हो सके। भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा वर्ग की है, किसी भी देश का भविष्य उस देश के युवाओं पर निर्भर करता है। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने समय का उपयोग अपनी पढ़ाई और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करें तथा मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूर रहें। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टीकमगढ़ प्रियंक दुवे द्वारा छात्रों को यातायात से संबंधित नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने के लिए कहा। इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक राहुल कटरे के द्वारा छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की नसीहत दी।

## शासकीय महाविद्यालय में एनएसएस ने कराया आयोजन

**युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद जयंती**

**विद्यार्थियों ने सुनाई मां सरस्वती की वंदना**



**नवभारत न्यूज जतारा।**

**शासकीय महाविद्यालय जतारा में उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार एनएसएस इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से 12 जनवरी 2026 स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग, स्वास्थ्य और अनुशासित जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि जज सुश्री साक्षी मसीह विधिक साक्षरता हेतु कार्यक्रम में उपस्थिति रही।**

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।


मां सरस्वती की वंदना आरजू सेन द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन करते हुए कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर लीना कुल्थिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की पहचान न केवल भारत अपितु पूरे विश्व में फैलाई है। वे युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ मानते थे और उनका मानना था कि देश को ऐसे नौजवानों की आवश्यकता है जिनकी मांसपेशियां फौलाद की हो और नसों में बिजली दौड़ती हो। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर, शिक्षित और आध्यात्मिक रूप से जागरूक बनाना था। डॉक्टर लीना ने कुछ अन छुए पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। जज साहिब सुश्री साक्षी मसीह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विधिक साक्षरता हेतु अनेक जानकारियां प्रदान की साथ ही विवेकानंद के आचरण को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया।

### डॉक्टर रमेश ने किया आभार व्यक्त

कार्यक्रम में युवा अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके इस अवसर पर आभार डॉक्टर रमेश अहिरवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती पूर्णिमा देवलिया एन एस एस महिला इकाई प्रभारी ,डॉक्टर अरुण नामदेव विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉक्टर सविता जैन श्रीमती नीलम यादव, महेश अहिरवार सुनील तिवारी बृजेश सेन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**घटना** — **घटना स्थल से अवैध कट्टा एवं बीयर की बोतल बरामद**

## अब्दा बम्होरी गांव में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**नवभारत न्यूज जतारा।**

**इन दिनों जिले भर में अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है। जिसके चलते बीते रोज सोमवार को दिगौड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर आग ताप रहे किसाना की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया था। उसके बाद अगले दिन मंगलवार की सुबह जतारा क्षेत्र के अब्दा बम्होरी गांव में एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने से लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। हालाकि पुलिस हमेशा की तरह इस वार भी जांच कर जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की बात कर रही है।**

दअरअसल जतारा थाना क्षेत्र के अब्दा बम्होरी गांव में एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने की घटना सामने आई है। मंगलवार सुबह बस्ती से थोड़ी दूर मिले शव के पास एक अवैध कट्टा और बीयर की बोतल भी मौके पर पड़ी मिली हैं। जिसकी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर इस मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अब्दा बम्होरी गांव निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र पिता कालू कुशवाहा के रूप में हुई है। परिजनों ने घटना की जानकारी जतारा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जतारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर घटनास्थल की गहन छानबीन की गई।

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर शव के पास मिले कट्टा और बीयर की बोतल की जांच कराई गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि युवक की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। पुलिस परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। घटनास्थल के आसपास के खेत मालिकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जतारा अस्पताल भेजा गया है। मौत के सही कारणों का पता शॉर्ट पीएम रिपोर्ट से ही चलेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच के निर्देश दिए हैं और गंभीरता से मामले की पड़ताल में जुटी है।

### फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट से कराई जांच

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर शव के पास मिले कट्टा और बीयर की बोतल की जांच कराई गई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि युवक की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। पुलिस परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। घटनास्थल के आसपास के खेत मालिकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**

**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को बल्देवगढ़ ब्लॉक में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारतीदेवी मिश्रा, तहसीलदार डॉ. एके गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## त्यौहार पर रहेगा मौसम साफ



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**

**मंगलवार को लगातार चौथे दिन मौसम साफ रहा और अच्छी धूप खिली रही। सोमवार को भी दिनभर धूप निकलने से दिन का तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली है।**

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक मौसम साफ बना रहेगा। इस दौरान दिन का तापमान 24 डिग्री और रात का तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। शुक्रवार से हल्का कोहरा छा सकता है, हालांकि पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 24 डिग्री के आसपास ही रहेगा। मकर संक्रांति पर भी मौसम साफ रहने और दिनभर धूप खिलने का अनुमान है। इसके बाद, शनिवार से दिन और रात दोनों के तापमान में फिर से वृद्धि होगी।बुधवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस का अनुमान है।